बुधवार • 05.02.2020


अमर उजाला

# एक्वा लाइन : व्यस्त समय में हर 6 मिनट पर मिलेगी मेट्रो

माई सिटी रिपोर्टर

नोएडा। ऑटो एक्सपो के दौरान एक्वा लाइन पर यात्रियों को सुविधा देने के लिए पीक आवर और नॉन पीक आवर में मेट्रो ट्रेनों की फ्रीक्वेंसी बढ़ाई जाएगी। पीक आवर में 7.5 के बदले 6 मिनट और नॉन पीक आवर में 10 के बदले 7.5 मिनट पर मेट्रो मिलेगी।

दरअसल, ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में 7-12 फरवरी तक ऑटो एक्सपो आयोजित होगा। इस दौरान मेट्रो में भारी भीड़ होने की संभावना है। लिहाजा, नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड (एनएमआरसी) ने फ्रीक्वेंसी बढ़ाने के अलावा कई अन्य सुविधाएं प्रदान करने का फैसला किया है। एनएमआरसी के अधिकारियों के मुताबिक , ऑटो एक्सपो के दौरान यात्रियों को आयोजन स्थल से सीधे जोड़ा जाएगा। इसके लिए यात्रियों को नॉलेज पार्क-2 मेट्रो स्टेशन पर उतरना होगा। यह आयोजन स्थल से सबसे नजदीक और 500 मीटर की दूरी पर है। यहां उतरने के बाद यात्रियों को एनएमआरसी की ओर से ई-रिक्शा की सुविधा मुहैया कराई जाएगी। 10 ई-रिक्शा मेट्रो स्टेशन से आयोजन स्थल तक ले जाने और लाने का काम करेंगे। इसके लिए 10 रुपये किराया चुकाना होगा।



**10** मिनट के बदले 7.5 मिनट पर कम व्यस्त समय में मिलेगी मेट्रो



**10** ई-रिक्शा मेट्रो स्टेशन से आयोजन स्थल तक ले जाएंगे

### एफएम रेडियो से भी मिलेगी जानकारी

एनएमआरसी सार्वजनिक घोषणा प्रणाली और 91.1 रेडियो सिटी एफएम (एनएमआरसी का आधिकारिक रेडियो पार्टनर) के माध्यम से ट्रेनों व स्टेशनों के अंदर उक्त सुविधाओं के बारे में बताएगा। इसके अलावा डीएमआरसी के तीन स्टेशनों सेक्टर-18, बोटेनिकल गार्डन, सेक्टर-52 और मजेंटा लाइन के कालिंदी कुंज मेट्रो स्टेशन के गेट पर स्टैंडी (खड़ा बैनर) के माध्यम से जानकारी देगा।

### टिकटों के लिए भी दिया गया विकल्प

प्रदर्शनी में आने के इच्छुक यात्री एक्वा लाइन पर सिंगल यात्रा के दौरान क्यूआर कोड टिकटों का उपयोग कर सकते हैं। वहीं मल्टीपल यात्रा के लिए एसबीआई के एनएमआरसी कार्ड का उपयोग किया जा सकता है, जो प्रत्येक स्टेशन पर उपलब्ध होगा। क्यूआर कोड एनएमआरसी के मोबाइल ऐप से प्राप्त किया जा सकता है। यह गूगल प्ले स्टोर या एप्पल आईओएस प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध होगा।

### तीन मेट्रो स्टेशनों पर होगी टिकटों की बिक्री

प्रदर्शनी के लिए आने वाले दर्शकों की सुविधा के लिए तीन मेट्रो स्टेशनों पर टिकटें बिकेंगी। इसमें सेक्टर-51, सेक्टर-137 और नॉलेज पार्क-2 मेट्रो स्टेशनों पर इसकी सुविधा उपलब्ध होगी।

### 10 मेट्रो स्टेशनों पर पार्किंग की सुविधा

एक्वा लाइन के 10 मेट्रो स्टेशनों पर पार्किंग की सुविधा प्रदान की गई है। इसमें सेक्टर-51, 76, 101, 81, 137, 142, नॉलेज पार्क-2, परी चौक, अल्फा-1 व डेल्टा-1 मेट्रो स्टेशन शामिल हैं। ऑटो एक्सपो में आने वाले यात्री यहां अपने वाहन खड़े कर सकते हैं।

### सेक्टर-51 और 52 मेट्रो के बीच निशुल्क ई-रिक्शा

एक्वा लाइन के सेक्टर-51 और ब्लू लाइन के सेक्टर-52 मेट्रो स्टेशन के बीच निशुल्क ई-रिक्शा की सुविधा यात्रियों को मिलेगी।

# ट्रैफिक पुलिस ने दो मेट्रो स्टेशनों से शटल सेवा चलाने की दी सलाह

*नोएडा। नोएडा ट्रैफिक पुलिस ने ऑटो एक्सपो के आयोजकों से दो मेट्रो स्टेशनों से शटल बस सेवा चलाने की मांग की है। इसका मकसद सड़कों पर वाहनों का दबाव कम करना होगा। साथ ही, ऑटो एक्सपो में आने वालों को ट्रैफिक जाम से बचाना होगा।*



*दरअसल, नोएडा में कालिंदी कुंज से दिल्ली प्रवेश का रास्ता बंद है। वहीं इसका असर चिल्ला रेगुलेटर और डीएनडी पर रोजाना देखने को मिलता है। लिहाजा ऑटो एक्सपो में आने वाले यात्रियों को इस दबाव से निजात दिलाने के लिए ट्रैफिक पुलिस ने पांच मेट्रो स्टेशनों पर अपना ध्यान केंद्रित किया है। इसमें बोटेनिकल गार्डन मेट्रो स्टेशन, ओखला पक्षी विहार, सेक्टर-52, सेक्टर-51 और नॉलेज पार्क स्टेशन शामिल हैं। वहीं, ट्रैफिक पुलिस ने ऑटो एक्सपो के आयोजकों को बोटेनिकल गार्डन और ओखला पक्षी विहार स्टेशन से शटल सर्विस चलाने की सलाह दी है। उनका कहना है कि अलग-अलग रास्ते बंद होने और नोएडा की सड़कों पर वाहनों का दबाव घटाने के लिए लोगों को मेट्रो से आने के लिए एडवाइजरी जारी की जाएगी। साथ ही, इन दोनों मेट्रो स्टेशनों से शटल सर्विस चलने से निजी वाहनों का बोझ सड़कों से घटेगा। इसके अलावा एनएमआरसी ने सेक्टर-51 और 52 मेट्रो स्टेशनों के बीच निशुल्क ई-रिक्शा का प्रबंध पहले से ही कर लिया है। एडिशनल डीसीपी ट्रैफिक अनिल कुमार झा ने बताया कि अगर आयोजक इन दोनों मेट्रो स्टेशनों से शटल सेवा चलाते हैं तो यह नोएडा की सड़कों पर वाहनों का दबाव घटाने का काम करेगा। इससे 20 से 25 हजार लोगों को आराम से निकाला जा सकेगा। ब्यूरो*

# इस बार नहीं है शटल बस सेवा पैदल तय करना होगा रास्ता

## मेट्रो से आसान होगा पहुंचना, नॉलेज पार्क मेट्रो स्टेशन पर उतरें

माई सिटी रिपोर्टर

ग्रेटर नोएडा। इस बार पार्किंग स्थल से इंडिया एक्सपो मार्ट के लिए निशुल्क शटल बस सेवा नहीं चलेगी। दर्शकों को पैदल ही रास्ता तय करना होगा। हालांकि, दर्शकों को गेट नंबर एक, दो तीन और पांच से प्रवेश मिलेगा। ऐसे में दर्शकों को ऑटो एक्सपो देखने आने के लिए मेट्रो का सफर सुविधा जनक रहेगा। मेट्रो स्टेशन से एक्सपो मार्ट के गेट की दूरी कम है। 7 फरवरी से आम जनता को प्रवेश मिलेगा।

ऑटो एक्सपो में आने वाले वाहनों के लिए नॉलेज पार्क के बड़े गोल चक्कर में पार्किंग बनाई गई है। यहां हजारों वाहनों को खड़ा किया जा सकता है। नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे से आने वाले वाहनों को गलगोटिया कॉलेज के पास कट से नीचे उतरकर एक्सपो मार्ट गोल चक्कर से होकर सीधा पार्किंग स्थल पर पहुंचना होगा। वहां वाहन पार्क करने के बाद पैदल ही एक्सपो मार्ट के गेट नंबर एक, दो, तीन या पांच पर पहुंचना होगा। वहीं, परी चौक की तरफ से आने वाले वाहनों को सर्विस रोड से होकर यमुना प्राधिकरण से पहले गोल चक्कर से यू-टर्न लेकर पार्किंग स्थल तक पहुंचना होगा। वहीं एलजी गोल चक्कर की तरफ से आने वाले वाहन शारदा विश्वविद्यालय के पास से होकर पार्किंग स्थल पर पहुंच सकते हैं।

### जाम का करना पड़ सकता है सामना

ऑटो एक्सपो में आने वाले वाहन चालकों को जाम का सामना करना पड़ सकता है। एक्सपो मार्ट गोल चक्कर पर डायवर्जन किया गया है। यहां से एक्सपो मार्ट के गेट नंबर एक की तरफ उन्हीं वाहनों को भेजा जाएगा, जिनके पास गेटपास होगा। यहां पर जांच के कारण वाहनों की कतार लग सकती है जो जाम का कारण बन सकती है। वहीं, शटल बस सेवा नहीं होने के कारण वाहन चालक अपने साथियों को गेट नंबर तीन और पांच के पास उतारने का प्रयास करेंगे। जिस कारण वहां भी जाम की स्थिति बन सकती है।